दिनांक :19.05.2025 समय : 07.10PM

प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 31 मई को भोपाल में महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम में होंगे शामिल, तैयारियां जारी।
- ऑपरेशन सिंदूर के जरिए अपने शौर्य और पराक्रम की गाथा लिखने वाले सैनिकों के सम्मान में आज भी निकाली गईं तिरंगा यात्राएं।
- देशभर में 29 मई से शुरू होगा विकसित कृषि संकल्प अभियान।
- भीषण गर्मी के बीच आज सीहोर,शिवपुरी, सतना सहित कई जिलों में बारिश से गिरा पारा।

**प्रधानमंत्री दौरा** **19.05.2025/07.10PM**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 31 मई को भोपाल प्रवास पर रहेंगे। वे यहां महिला सम्मेलन और लोकमाता देवी अहिल्या जी की 300 वीं जयंती वर्ष पर आयोजित महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे। प्रधानमंत्री के प्रस्तावित भोपाल आगमन के लिए तैयारियां जोर शोर से जारी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आज मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में तैयारियों की समीक्षा की एवं अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**सेना प्रमुख-समीक्षा** **19.05.2025/07.10PM**

थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने आज राजस्थान में लौंगेवाला अग्रिम चौकियों का दौरा किया। कोणार्क कोर के सैनिकों के साथ बातचीत में सेना प्रमुख ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान उनकी अनुकरणीय भूमिका के लिए सैनिकों को बधाई दी। जनरल द्विवेदी ने भारतीय वायु सेना और सीमा सुरक्षा बल के समन्वय में की गई संयुक्त कार्रवाइयों की भी समीक्षा की। जनरल द्विवेदी ने दुश्मन के ड्रोन को सफलतापूर्वक बेअसर करने के लिए सैनिकों की प्रशंसा की। जैसलमेर से कच्छ क्षेत्र तक फैले रेगिस्तानी क्षेत्र में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना, वायु सेना और सीमा सुरक्षा बल ने तेज और समन्वित परिचालन कार्रवाई की थी।

**तिरंगा यात्राएं** **19.05.2025/07.10PM**

ऑपरेशन सिंदूर के जरिए अपने शौर्य और पराक्रम से वीरता की अप्रतिम गाथा रचने वाले भारत के वीर सैनिकों के सम्मान में प्रदेश के सभी जिलों में तिरंगा यात्राएं निकाली जा रही हैं। तिरंगे के मान-सम्मान के लिए जोश, उत्साह और उमंग के साथ इन यात्राओं में जनप्रतिनिधि, धर्म गुरु, विद्यार्थी और विभिन्न वर्गों का जनसैलाब देश की एकता और अखंडता को प्रतिबिंबित कर रहा है। धार से हमारे संवाददाता ने बताया है कि आज शहर में विशाल मातृशक्ति वाहन तिरंगा रैली निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में लोग हाथों में तिरंगा लेकर भारतीय सेना

का अभिनंदन करते नजर आए। वहीं छिंदवाड़ा में कल वाहन तिरंगा रैली निकाली जाएगी।

**राष्ट्र प्रथम : देशभक्ति का जज्बा** **19.05.2025/07.10PM**

हमारे लिए राष्ट्र प्रथम है और देशभक्ति से बढ़कर कुछ नहीं। हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता ने इस बात को साबित भी किया है। अब आकाशवाणी भोपाल आपको मौका दे रहा है अपनी देशभक्ति की भावनाओं को जाहिर करने का...। प्रादेशिक समाचार एकांश भोपाल द्वारा राष्ट्र प्रथम : देशभक्ति का जज्बा नाम से एक कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। इस कार्यक्रम में आप अधिकतम 40 सेंकड का एक वीडियो संदेश बनाकर देश के प्रति अपनी भावनाओं का इजहार कर सकते हैं। इस संदेश को रिकार्ड कर हमारे वाट्सप नंबर 94065 23035 पर अपने नाम और स्थान के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को रोज अपने समाचारों, समसामयिक कार्यक्रमों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर साझा करेंगे। नंबर एक बार फिर सुन लीजिए 94065 23035।

आईये अब सुनते हैं छतरपुर से संदीप अनुरागी का ये संदेश।

बाइट- संदीप अनुरागी, छतरपुर

**प्रधानमंत्री - मन की बात** **19.05.2025/07.10PM**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 मई को आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में

अपने विचार देश और विदेश के लोगों के साथ साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम का 122वां एपिसोड होगा। लोग अपने विचार और सुझाव टोल-फ्री नंबर 1800-11-7800 के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। वे अपने सुझाव नरेन्द्र मोदी ऐप या **माई जी ओ वी**- MyGov ओपन फोरम के जरिए भी साझा कर सकते हैं। आगामी एपिसोड के लिए सुझाव इस महीने की 23 तारीख तक स्वीकार किए जाएंगे।

**चौहान-विकसित कृषि अभियान** **19.05.2025/07.10PM**

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि देशभर में **विकसित कृषि संकल्प अभियान** शुरू किया जाएगा। यह अभियान इस महीने की 29 तारीख से शुरू होगा और 12 जून तक चलेगा। इस अभियान का उद्देश्य किसानों को कृषि संबंधी उन्नत तकनीकों और बीजों के बारे में जानकारी प्रदान कराना है। नई दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन में श्री सिंह ने कहा देशभर के 723 जिलों में यह अभियान चलाया जाएगा और इससे लगभग डेढ़ करोड़ किसान लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि कृषि वैज्ञानिकों का एक दल लगभग 65 हजार गांव में जाएगा और किसानों को वैज्ञानिक कृषि की व्यावहारिक जानकारी देगा। जिला स्तर पर प्रत्येक दल प्रतिदिन तीन बैठकें करेगा।

बाइट- शिवराज सिंह चौहान, कृषि मंत्री

**कुंआ रिचार्ज** **19.05.2025/07.10PM**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ज्ञान अभियान को मजबूती देने एवं प्रकृति, पर्यावरण व जल संरक्षण की दिशा में मध्यप्रदेश सरकार मिशन के रूप में कार्य कर रही है। प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में जल गंगा संवर्धन अभियान जारी है। अभियान में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा मनरेगा योजना के तहत प्रदेश के 1 लाख कुओं को बारिश के पानी से रिचार्ज करने का लक्ष्य तय किया है। जिनमें से 75 हजार से ज्यादा कुओं पर काम शुरू भी हो चुका है। कुओं के पास कूप रिचार्ज पिट बनाये जा रहे हैं। कूप रिचार्ज पिट को बनवाने में प्रदेश के कृषकों ने भी जागरूकता दिखाई है। कुओं के रिचार्ज होने से भू-जलस्तर बढ़ेगा, साथ ही कृषकों को सिंचाई व पीने के लिए पर्याप्त पानी भी उपलब्ध होगा।

आईआरसीटीसी-नई ट्रेन **19.05.2025/07.10PM**

प्रदेश के तीर्थ यात्रियों के लिए इंडियन रेलवे केटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन-आईआरसीटीसी दो भारत गौरव पर्यटक ट्रेन का संचालन करने जा रहा है। पहली ट्रेन 7 जून को देव भूमि बद्री कार्तिक स्वामी यात्रा और दूसरी 5 जुलाई को दक्षिण दर्शन यात्रा के लिए रवाना होगी। देवभूमि की यात्रा में केदारनाथ के लिए हेलिकॉप्टर का टिकट भी शामिल होगा। इसके लिए भोपाल, इटारसी, ग्वालियर, नागपुर, आगरा से सफर शुरु किया जा सकता है। वहीं दक्षिण दर्शन यत्रा रेलगाड़ी इंदौर उज्जैन, शुजालपुर, सीहोर, भोपाल और इटारसी स्टेशन से चलेगी।

एमपी-स्टार्टअप **19.05.2025/07.10PM**

मध्यप्रदेश में नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए कार्यरत मध्यप्रदेश स्टार्ट-अप सेंटर ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ दर्ज की हैं। आधिकारिक जानकारी में बताया गया है कि पिछले एक वर्ष में राज्य में मान्यता प्राप्त स्टार्ट-अप्स की संख्या 4012 से बढ़कर 5230 हो गई, जिसमें 30 फीसदी की वृद्धि हुई है। महिलाओं द्वारा संचालित स्टार्ट-अप्स में 34 फीसदी की वृद्धि हुई है। इनकी संख्या 1864 से बढ़कर 2490 तक पहुँच गई हैं। इन प्रयासों से यह स्पष्ट है कि महिला उद्यमिता को विशेष बल दिया जा रहा है। आज प्रदेश में स्टार्ट-अप्स की संख्या 5300 से अधिक हो चुकी है।

**मौसम** **19.05.2025/07.10PM**

अब खबर मौसम की, प्रदेश में आंधी-बारिश के बीच तेज गर्मी का दौर भी शुरू हो गया है। अरब सागर में बने चक्रवात के प्रभाव से कुछ जिलों में रुक-रुककर बारिश हो रही है तो वहीं ग्वालियर-चंबल और सागर संभाग में अगले 2 दिन तेज गर्मी रहेगी। शिवपुरी से हमारे संवाददाता ने बताया है कि आज दोपहर बाद आधे घंटे तक बारिश के बाद मौसम बदल गया। लोगों को गर्मी से राहत मिली। बीते 3 दिन से गर्मी के तीखे तेवर जारी थे और अधिकतम तापमान 42 डिग्री दर्ज किया जा रहा था लेकिन आज बारिश के बाद लोगों को गर्मी से राहत मिली। उधर सीहोर में भी मौसम ने अचानक करवट बदली। दोपहर में तेज हवा के साथ हल्की बारिश शुरू हुई। सतना में भी बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली।

**संक्षिप्त समाचार** **19.05.2025/07.10PM**

- अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत कटनी साउथ रेलवे स्टेशन का कायाकल्प हो गया है। 22 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसका वर्चुअल उद्घाटन करेंगे
- खंडवा में प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस श्री नीलकण्ठेश्वर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।
- नीमच जिले में शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था डूंगलावदा में 21 मई को रोजगार, स्वरोजगार, अप्रेन्टिसशिप मेला आयोजित किया जा रहा है।
- भोपाल में अपनी मांगों को लेकर हरदा जिले के सैकड़ों किसानो ने विरोध प्रदर्शन किया। किसानों की मांग थी के ग्रीष्म वर्ष में बीज निगम हरदा को उपार्जित बीज का उपार्जन दर राशि में संशोधित किया जाए।
- सीहोर कलेक्टर ने गेंहू उपार्जन कार्य में अनियमितताएं करने वाले जिले के 4 वेयर हाउस उपार्जन केंद्रों एवं उनके संचालकों को एक साल रबी विपणन वर्ष 2026-27 के लिए ब्लैकलिस्ट करने के आदेश दिए हैं।
- शहडोल जिले के ब्यौहारी वन परिक्षेत्र के गोदावल में आज तेंदूपत्ता बीनने गए ग्रामीणों पर जंगली हाथी ने हमला कर दिया। इस हमले में एक महिला सहित दो लोगों की मौत हो गई।
- छिंदवाड़ा में स्टेडियम ग्राउंड में कल जिला बैडमिंटन संघ द्वारा जिले के उत्कृष्ट खिलाडियों को सम्मानित किया गया।
- भोपाल के मिंटो हॉल में आज से हिंदी फिल्म “मेरा घर” की शूटिंग का आगाज़ हुआ। सामाजिक सरोकारों पर आधारित इस फिल्म में आशुतोष राणा, अरबाज खान और संजय कपूर जैसे दिग्गज कलाकार मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे।